## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 27.02.2026 (संध्या–1900 बजे)
## मुख्य समाचार

1. **राज्य के 48 नगर निकाय क्षेत्रों में कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना जारी, कई वार्डों के परिणाम घोषित, रात आठ बजे तक अधिकांश सीटों पर तस्वीर साफ होने की संभावना।**
2. **विधानसभा के बजट सत्र में ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा–सरकार की प्राथमिकता गांवों का समग्र विकास, पेसा कानून आदिवासियों के लिए सुरक्षा कवच के रूप में करेगा कार्य।**
3. **स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी कल रांची में राज्य स्तरीय एचपीवी टीकाकरण अभियान का करेंगे शुभारंभ, सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम की दिशा में अहम कदम।**
4. **होली पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों के सभी प्रकार के अवकाश तत्काल प्रभाव से रद्द।**

**और**

5. **राज्य में मौसम का उतार–चढ़ाव जारी, कल रांची सहित कई जिलों में आंशिक बादल और तापमान में गिरावट के आसार।**

******************

झारखंड के 48 नगर निकायों में हुए चुनाव की मतगणना के दौरान देर शाम तक कई वार्डों के परिणाम जारी कर दिए गए। वहीं रात 8 बजे तक और कई सीटों पर तस्वीर साफ होने की उम्मीद है। सुबह से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुई मतगणना में राउंड दर राउंड मतों की गिनती की गई और अधिकृत रूप से परिणामों की घोषणा होती रही। राजधानी रांची समेत विभिन्न जिलों के नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायत क्षेत्रों में कई वार्डों की तस्वीर स्पष्ट हो चुकी है। कुछ वार्डों में प्रत्याशियों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। मतगणना केंद्रों के बाहर समर्थकों की भीड़ दिनभर जमी रही।

******************

कोडरमा में नगर निकाय चुनाव को लेकर माइनिंग कॉलेज के पुराने भवन में मतों की गिनती का कार्य जारी है। जिले के झुमरी तिलैया नगर परिषद, कोडरमा नगर पंचायत और डोमचांच नगर पंचायत के लिए मतगणना की जा रही है। डोमचांच नगर पंचायत के लिए मतों की गिनती पूरी हो चुकी है। यहां से भाजपा समर्थित प्रत्याशी उमेश वर्मा नगर अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित घोषित किए गए हैं। वहीं, कोडरमा नगर पंचायत और झुमरी तिलैया नगर परिषद के लिए दो–दो राउंड की मतगणना पूरी हो चुकी है। जिले के उपायुक्त ऋतुराज ने कहा कि मतगणना का कार्य आज ही संपन्न हो ऐसा प्रयास किया जाएगा।

******************

साहिबगंज जिले के राजमहल नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर जेएमएम समर्थित प्रत्याशी केताबुद्दीन शेख ने 476 मतों से अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भावना गुप्ता को पराजित किया है। जीत के बाद केताबुद्दीन शेख ने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया जाएगा।

******************

खूंटी नगर पंचायत चुनाव का परिणाम सामने आ चुका हैं। इसके मुताबिक बीजेपी समर्थित उम्मीदवार रानी टूटी ने 9 हजार एक सौ सतहत्तर वोट लाकर जीत हासिल की। दूसरे स्थान पर

कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार मनोनीत बोदरा रहे। उन्हें 5 हजार दो सौ अंठानबे वोट मिले। जीत के बाद रानी टूटी ने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता होगी।

*****************

विधानसभा के बजट सत्र के आठवें दिन ग्रामीण विकास विभाग मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता गांव का विकास हैं। उन्होंने कहा कि लक्ष्य गांव की तकदीर और तस्वीर बदलना है। उन्होंने कहा कि पेसा कानून आदिवासियों के लिए सुरक्षा कवच के रूप में कार्य करेगा।

*****************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी  के. रवि कुमार सोमवार 02 मार्च को दोपहर 4 बजे रांची के धुर्वा स्थित निर्वाचन सदन सभागार में मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे। इस दौरान वे सितंबर माह में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन से संबंधित जानकारियां साझा करेंगे।

*****************

सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ राज्य स्तरीय एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ रांची के सदर अस्पताल सभागार में कल स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड द्वारा किया जा रहा है। अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने बताया कि यह पहल राज्य में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एचपीवी टीकाकरण के माध्यम से किशोरियों को इस गंभीर बीमारी से बचाव का प्रभावी साधन उपलब्ध कराया जाएगा।

*****************

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान आज होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन सहित मंत्रियों और विधायकों ने फूलों की होली खेली। मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी की जिंदगी में खुशियों का रंग हमेशा बरकरार रहे। उन्होंने कहा कि होली पारस्परिक प्रेम, भाईचारा और सौहार्द का पर्व है, जिसे उमंग और उत्साह के साथ मनाया जाना चाहिए।

*****************

इधर होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। आईजी अभियान की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि होली के मद्देनजर किसी भी जिले में बल की कमी नहीं होनी चाहिए। इसे ध्यान में रखते हुए सभी पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों के सभी प्रकार के अवकाश तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिए गए हैं। यह आदेश होली पर्व की समाप्ति तक प्रभावी रहेगा। आदेश के अनुसार केवल अति–आवश्यक या विशेष परिस्थितियों, जैसे गंभीर बीमारी या पारिवारिक आपात स्थिति में ही छुट्टी पर विचार किया जाएगा। सामान्य परिस्थितियों में किसी भी कर्मी को अवकाश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

*****************

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड की ओर से आगामी 6 मार्च को राज्य के चयनित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में 'उमंग दिवस' का आयोजन किया जाएगा। अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा के निर्देशानुसार यह पहल राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत शुरू की गई है, जिसका

उद्देश्य 10 से 19 वर्ष आयु वर्ग के किशोर–किशोरियों के स्वास्थ्य, शिक्षा और सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है।

******************

बोकारो के चर्चित तेतुलिया मौजा वन भूमि की अवैध ढंग से खरीद बिक्री करने के आरोपी राजवीर कंस्ट्रक्शन के विमल अग्रवाल की अग्रिम जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है. इससे पहले झारखंड हाईकोर्ट ने भी विमल अग्रवाल को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था।

******************

रांची सहित झारखंड के विभिन्न जिलों में मौसम का उतार–चढ़ाव जारी है आज और कल कई हिस्सों में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है, जिससे तापमान में हल्की गिरावट आ सकती है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी राजस्थान और पाकिस्तान क्षेत्र के आसपास सक्रिय निम्न दबाव तथा पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव राज्य के मौसम पर पड़ सकता है। पिछले 24 घंटों में चाईबासा में अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और लोहरदगा में न्यूनतम तापमान 9 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

********समाप्त*********